


नवभारत
सतना, मंगलवार, 23 सितम्बर, 2025



# सर्व मनोकामना के साथ-साथ मन को भी प्राप्त होती है शीतलता

## कोठी के शीतला माता मंदिर का 300 वर्ष से भी पुराना है इतिहास

बृजेश गर्ग सोनू

**कोठी 22 सितंबर, राजाओं के शासनकाल में निर्मित कोठी के बाजार में तालाब के किनारे स्थित मां शीतला का मंदिर सर्व मनोकामनाओं की पूर्ति के साथ-साथ मन को भी शीतलता प्रदान करता है जिसका इतिहास 300 वर्ष से भी अधिक पुराना है मंदिर के मुख्य द्वार पर लगी हुई प्रतिमाएं इसको प्रमाणित कर रही हैं तभी तो यहां पर 12 महीने भक्तों का तांता लगा रहता है नवरात्रि में तो सुबह से लेकर देर रात तक भक्तों की भीड़ लगी रहती है ।**

सुबह-सुबह नगर की महिलाएं माता को स्नान कराती हैं व पूजा अर्चना कर भक्ति भजन भी करती हैं नवरात्रि में जवारा भी रखा जाता है साथ ही मंदिर की नियमित पूजा पाठ मंदिर के पुजारी द्वारा की जाती है रात्रि कल में नियमित संध्या आरती कर प्रसाद वितरित किया जाता है नवरात्रि में पूरे 9 दिन तक धार्मिक आयोजन व भंडारे प्रसाद का वितरण चलता रहता है और यह मंदिर मुख्य रूप से कोठी वासियों का यह मुख्य धार्मिक आस्था का केंद्र हैं ।





**लोगों की पूर्ण होती है मनोकामनाएं-** ऐसी मान्यता है कि जो भी भक्त यहां पर आकर निर्मल मन से अपनी अर्जी लगाता है उसकी सभी इच्छाएं पूर्ण होती हैं राजाओं के काल से ऐसा होता चला आया है मान्यता है कि पूर्व काल में राजाओं के संतान नहीं हुआ करती थी जिससे वह काफी दुखी रहा करते थे यहां पर प्राचीन तालाब था और तालाब के किनारे ही शीतला देवी विराजित थी और यहीं पर एक संत रहकर पूजा अर्चना किया करते थे और उनकी यह एक सिद्ध स्थली थी जहां पर राजा अपनी रानी के साथ आकर अपनी अर्जी लगाई और पुत्र होने की कामना की , कुछ ही दिनों में उन्हें पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई जिससे उन्होंने यहां पर एक मंदिर का निर्माण कराया मंदिर का मुख्य द्वार इसका प्रमाण भी देता है साथ ही कोठी राजा के धार्मिक होने का भी प्रमाण देता है कि यह एक प्राचीन कालीन है तब से लेकर आज तक जो भी यहां पर भक्त श्रद्धा भक्ति भाव से आकर अर्जी लगता है उसकी सभी मनोकामना पूर्ण होती हैं साथ ही उसके मन को भी शीतलता प्राप्त होती है ।

### देखरेख के लिए समिति कार्यरत



वर्तमान समय में मंदिर की एक समिति है जो इसका देखरेख व रख रखाव करती है समिति के सदस्य रामनरेश मिश्रा ने बताया कि यह बहुत ही प्राचीन मंदिर है जो राजाओं के शासनकाल का है अब यह यही के स्थानीय समिति की देख-देख में है जो नगर के लोगों को मिलाकर बनाई गई है मंदिर में होने वाले सभी कार्यों की देखरेख व रखरखाव का कार्य समिति आपसे निर्णय लेकर करती है।

### क्षेत्रीय समाजसेवियों ने कराया जीर्णोद्धार

मंदिर प्राचीन कालीन तो है ही जिससे यहां पर भक्तों का आना स्वाभाविक है वर्ष भर यहां धार्मिक आयोजन होते हैं नवरात्रि में विशेष रूप से आयोजन किए जाते हैं स्थानीय समाजसेवियों ने मिलकर मंदिर का रंग रोशन व जिर्णोद्धार कराया जिससे मंदिर की सुंदरता और अधिक बढ़ गई है।

### मुख्य द्वार पर अतिक्रमण से समस्या




मंदिर के मुख्य द्वार के सामने कोठी का बाजार है और वहीं पर नगर परिषद की दुकान भी निर्मित है स्थानीय व्यापारियों द्वारा दुकान के बाहर दोनों हिस्से में सामान रख लिया जाता है जिससे आवागमन में अवरोध होता है नवरात्रि में भक्तों की भीड़ पूरे दिन रहती है और यह क्षेत्र वासियों का मुख्य धार्मिक आस्था का केंद्र बिंदु है नवरात्रि में सुबह से ही माताएं बहने माता की पूजा अर्चना करने के लिए आती हैं जो देर शाम तक चलता रहता है मुख्य मार्ग में अतिक्रमण होने की वजह से इसमें समस्या आ रही है समिति के सदस्य संजू त्रिपाठी ने प्रशासन से इसके लिए अनुरोध किया गया है कि वह कम से कम 9 दिनों तक व्यवस्था को बनाए जाने में सहयोग प्रदान करें साथ ही समिति ने स्थानीय व्यापारियों से भी सहयोग की अपेक्षा की है क्योंकि इसमें सभी की आस्थाएं जुड़ी हुई है।

# अधिवक्ता संघ अमरपाटन मांगों को लेकर 6 अक्टूबर से करेगा भूख हड़ताल

नवभारत न्यूज

**सतना 22 सितंबर, अधिवक्ता संघ अमरपाटन अध्यक्ष योगी प्रदीप तिवारी की अध्यक्षता में सोमवार को अधिवक्ता संघ कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न हुई।**

जिसमें मैहर जिला का कलेक्ट्रेट कार्यालय मैहर के राजस्व कोर्ट में अथवा अमरपाटन मार्ग बंशीपुर में स्थापित करने तथा पांच जिला कार्यालय अमरपाटन तहसील के नजदीक खोलने और मौहारी कटरा सर्किल का पूर्वी भाग अमरपाटन में शामिल करने तथा मैहर तहसील का नादन सर्किल और रामपुर बाघेलान तहसील का चोरहटा सर्किल



अमरपाटन तहसील में शामिल कराने की मांग को लेकर 6 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन क्रमिक भूख हड़ताल पर अधिवक्ता बैठेंगे। अधिवक्ता संघ अमरपाटन के अध्यक्ष योगी प्रदीप तिवारी ने बताया कि जबावदार अधिकारियों को 5 अक्टूबर तक जायज मांगों के निराकरण करने का समय दिया गया है। यदि समय बीता तो 6 अक्टूबर से अनशन और आगे उग्र प्रदर्शन किया जाएगा।

# न्यायालय ने आरोपी के खिलाफ उद्घोषणा जारी की

**कोटर 22 सितंबर,** कोटर थाना क्षेत्र के अंबेर निवासी आरोपी के खिलाफ न्यायालय द्वारा अपराध क्रमांक 85 अमलिक 25 धारा 8/21. 22 29 ए एनडीपीएस ड्ड1 5/13 ड्रग कंट्रोल अधिनियम के आरोपी निखिल उर्फ लकी सिंह पिता रामबली सिंह उर्म 22 निवासी अबेर थाना कोटर की उद्घोषना माननीय न्यायालय विशेष न्यायाधीश महोदय एनडीपीएस एक न्यायालय सतना द्वारा अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी कि अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा धारा 84 बीएएस के तहत दिनांक 24 .10.2025 तक न्यायालय द्वारा की गई है।

# ग्रामोदय विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय संगोष्ठी 26 और 27 सितंबर को

- भारतीय ज्ञान परंपरा एवं सतत पर्यावरण विषय पर केंद्रित व्याख्यान और विचार मंथन होगा

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 22 सितम्बर । महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा एवं सतत पर्यावरण विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी 26 और 27 सितंबर को होगी।**

इस अवसर पर देश के जाने माने विषय विशेषज्ञ, विद्वान, सामाजिक कार्यकर्ता, जमीनी स्तर पर विकास कार्य में व्याहारिक रूप से लगे लोग अपने व्याख्यान और कार्य अनुभव साझा करेंगे। यह राष्ट्रीय आयोजन कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा के नेतृत्व और मार्गदर्शन में किया जा रहा है। संगोष्ठी के संयोजक डॉ उमेश कुमार शुक्ला ने बताया कि इस कार्यक्रम में पद्मश्री महेश शर्मा झाबुआ, पद्मश्री बाबू लाल दाहिया सतना, पद्मश्री उमा शंकर पांडेय बांदा, दविंद्र मोरे अध्यक्ष मध्य प्रदेश बाल संरक्षण आयोग, ओम शर्मा पर्यावरणविद झाबुआ, श्याम बिहारी गुप्ता अध्यक्ष उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग, वाटर वुमन शिप्रा पाठक बरेली, प्रो सुमन मोर प्राध्यापक पर्यावरण पंजाब विश्वविद्यालय, देवेंद्र सूरा ट्री मैन हरियाणा, नीलेश भाई सोलंकी पर्यावरणविद गुजरात, डॉ अनिल कुमार पर्यावरणविद उड़ीसा, अभय महाजन संगठन सचिव दीन दयाल शोध संस्थान चित्रकूट के विशिष्ट व्याख्यान होंगे।

# नि :शुल्क जूनियर ब्यूटी प्रैक्टिशनर प्रशिक्षण का समापन



नवभारत न्यूज

**सतना 22 सितंबर, इंडियन बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान सतना द्वारा संचालित 35 दिवसीय नि:शुल्क जूनियर ब्यूटी प्रैक्टिशनर प्रशिक्षण कार्यक्रम का दिनांक 21-09-2025 को समापन समारोह संपन्न किया गया।**

समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत के संभाग अध्यक्ष रवि गुप्ता रहे। कार्यक्रम में समस्त आरसेटी स्टॉफ के साथ जूनियर ब्यूटी प्रैक्टिशनर के प्रशिक्षणार्थी भी उपस्थित रहे। आरसेटी निदेशक समीर एस डी टोप्पो ने सभी प्रशिक्षणार्थीयों को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया,और उनका उत्साह बढ़ाया। संकाय सुखेन्द्र प्रसाद द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। कार्यक्रम में फैकल्टी सत्य कुमार त्रिपाठी प्रशिक्षक नीलू चौधरी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि द्वारा सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गए,

# स्वच्छता सेवा अभियान के तहत विद्यालय लालपुर में हुआ कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**अमरपाटन 22 सितंबर, स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत दिनांक 17 सितंबर 2025 से 2 अक्टूबर 2025 तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन संस्था स्तर में कराया जाना है.**

उसी तारतम्य में आज दिनांक 20.9.2025 को शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय लालपुर में स्वच्छता शपथ कराई गई । साथ ही बच्चों ने मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छता का संदेश दिया। यह कार्यक्रम ब्रजनंदन तिवारी नोडल अधिकारी स्वच्छता सेवा पखवाड़ा एवं जिला मास्टर ट्रेनर



इको क्लब के नेतृत्व में संपादित कराया गया।

शपथ के पश्चात सभी बच्चों और शिक्षकों ने विद्यालय परिसर से प्लास्टिक कचरा इकट्ठा कर उसका निष्पादन कराया गया।ब्रजनंदन तिवारी द्वारा बच्चों को सिंगल यूज प्लास्टिक के नुकसान के विषय में विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# लोक सेवा केन्द्र रामनगर में हुआ वृक्षारोपण

नवभारत न्यूज

**रामनगर 22 सितंबर, मां दुलारी देवी गोंडी पूनेम सेवा समिति के तत्वावधान दिनांक 22/9/25 को 3 बजे जिला मैहर तहसील रामनगर नगर परिषद रामनगर वार्ड क्रमांक 9 लोक सेवा केंद्र में वृक्षारोपण किया गया।**

मुख्य अतिथि श्रीमती दीपा मिश्रा नगर परिषद अध्यक्ष रामनगर, अध्यक्षता कर रहे जयपाल सिंह विधायक प्रतिनिधि, विशिष्ट अतिथि आदित्य प्रताप सिंह समाज सेवक, एड. मोहम्मद इबरार, पार्षद वार्ड क्रमांक 6 सुल्ताना



परवीन, बृजवासी पटेल सुनील बंसल, विनय सिंह टीकम, रामकिशोर परस्ते, जय सिंह बडकरे तथा वार्ड क्रमांक 9 के नागरिक लोगों की मौजूदगी में लोहे की जाली लगा करके भारी मात्रा में किया गया वृक्षारोपण का कार्यकम संस्था के अध्यक्ष डॉ संजय धुर्वे की देखरेख में किया गया।



# पीएम श्री जसो में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया

नवभारत न्यूज

**नागौद 22 सितंबर,** पीएम श्री विद्यालय जसो में स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत कक्षा 6वीं से 8वीं तक बैग लेस डे मनाया गया और विद्यालय स्तर पर कक्षा 6 वीं से 12 वीं तक निबंध, चित्रकला प्रतियोगिता एवं नाट्य प्रस्तुति पर प्रथम ,द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वालों को मोमेंटो प्रदान किए गए। तत्पश्चात विद्यालय में साफ सफाई की गई और विद्यालय से स्वच्छता पखवाड़ा जागरूकता रैली गांव में भ्रमण हेतु निकाली गई रैली में निम्न शिक्षक शामिल हुए श्रीमति मनीषा वर्मा, माधुरी सोनी, अमितेश मिश्रा ,रोहणी विश्वकर्मा, रामकिशोर वर्मा, प्रियम्बदा पाठक, पुष्पा तिवारी, दुर्गेश पाल, सतीश पटेल, दिनेश पाण्डेय शामिल रहे।

# ताला से मोह नहीं छूट रहा चिकित्सक का

## स्थान्तरण होने के बाद भी नहीं जा मूल स्थान

नवभारत न्यूज

**मुकुन्दपुर 22 सितंबर, मैहर जिले के अमरपाटन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ताला से डॉ.प्रभाकर सिंह का मोह नहीं छूट रहा है। वे स्थानांतरण के एक माह भी स्थानांतरण स्थल ज्वाइन नहीं किया है।**

जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सतना के द्वारा विगत दिनांक 18 अगस्त 25 को आदेश क्रमांक 9279-80 के माध्यम से चिकित्सक प्रभाकर सिंह चिकित्सा अधिकारी का स्थानांतरण मूल पदस्थापना प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मझगवां

किया गया था। किन्तु ना जाने क्यों श्री सिंह का मोह ताला से नहीं छूट रहा है और जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सतना का आदेश का पालन नहीं किया जा रहा है।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खंड अमदरा का वृहद एकत्रीकरण

नवभारत न्यूज

**अमदरा 22 सितंबर, खंड अमदरा कार्यकारणी द्वारा खंड अमदरा के घुनवारा मंडल में शताब्दी वर्ष होने के कारण वृहद एकत्रीकरण किया गया स्वयंसेवकों का साथ में मंडल सह शाखा संगम,संचलन अभ्यास किया गया.**

कुल स्वयंसेवक 250 ने इस एकत्रीकरण में भाग लिया व्यवस्था में लगे 30 स्वयंसेवक और खंड अमदरा के अलग अलग 8 मंडल से आए 217 स्वयंसेवकों का वृहद एकत्रीकरण रहा, कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शताब्दी



वर्ष में स्वयंसेवकों की सक्रियता जिससे समाज में पंच परिवर्तन हेतु समाज जागृत हो सके.

**निम्न पंच परिवर्तन के विषय-** स्वदेशी बोध,नागरिक कर्तव्य, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन और सामाजिक समरसता, इस कार्यक्रम में मंडल टोली, शाखा टोली की घोषणा की गई जिससे प्रत्येक मंडल में सक्रियता बनी रहे. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अनुशासन के लिए जाना जाने वाला भारत का ही नहीं,अपितु पूरे विश्व का सर्वस्पर्शी संगठन है।

# चाक चैबंद व्यवस्था के बीच मैहर में नवरात्रि मेला प्रारंभ

- नवरात्रि मेले में तैनात रहेंगे 12 कार्यपालिक मजिस्ट्रेट
- मैहर पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने नवरात्रि मेले की तैयारियों को लेकर मां शारदा धाम पहुंचकर सुरक्षा व व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

नवभारत न्यूज

**सतना 22 सितंबर, मैहर जिले में चाक चैबंद व्यवस्था के बीच मां शारदेय नवरात्रि मेला प्रारंभ हो गया है। नवरात्रि के प्रथम दिन अत्यधिक संख्या में दर्शनार्थी मैहर पहुंचे और प्रशासनिक व्यवस्था के बीच दर्शनार्थियों ने सुगमता से मां शारदा के दर्शन किये।**

मैहर में नवदिवसीय नवरात्रि मेला मां शारदा देवी मंदिर में 22 सितंबर से 2 अक्टूबर दशहरा पर्व तक रहेगा। मेले में भारतवर्ष के विभिन्न प्रांतों से आने वाले लाखों की संख्या में श्रृद्धालु और दर्शनार्थी की संभावना के दृष्टिगत कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट रानी बाटड ने विभिन्न स्थानों पर 12 कार्यपालिक मजिस्ट्रेट तैनात किये है। इसके अनुसार कार्यपालिक मजिस्ट्रेट अपने कर्तव्य स्थल पर सहयोगी कर्मचारी के साथ निर्धारित पाली में तैनात रहेंगे।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेशानुसार मंदिर प्रांगण ऊपर प्रात: 3 बजे से दोपहर 1 बजे तक नायब तहसीलदार प्रवीण त्रिपाठी एवं पटवारी प्रभात कुमार तिवारी, दोपहर 1 बजे से रात्रि पट बंद होने तक नायब तहसीलदार प्रेमलाल चैधरी एवं पटवारी सत्यसागर पाण्डेय को कार्यपालिक



मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। इसी प्रकार रोपवे कन्ट्रोल रूम में प्रात: 6 बजे से दोपहर 1 बजे तक अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रामनगर डॉ. आरती सिंह एवं पटवारी लालमन साकेत, दोपहर 1 बजे से पट बंद होने तक नायब तहसीलदार एसबी सिंह एवं राजस्व निरीक्षक कमल बागरी, मेला कन्ट्रोल रूम एवं डयोढी में प्रात: 3 बजे से दोपहर 1 बजे तक तहसीलदार अमरपाटन आरडी साकेत एवं पटवारी अवध सिंह, दोपहर 1 बजे से पट बंद होने तक प्रभारी तहसीलदार अनामिका सिंह एवं पटवारी जितेन्द्र कुमार दाहिया को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। सेकण्ड राउण्ड सीढी में प्रात: 3 बजे से दोपहर 1 बजे तक प्रभारी नायब तहसीलदार ललित कुमार धार्वे एवं पटवारी धीरू कुमार पटेल, दोपहर 1 बजे से पट बंद होने तक प्रभारी नायब तहसीलदार रोशनलाल रावत एवं पटवारी राम उजागर नट, प्रथम राउण्ड सीढी में प्रात: 3 बजे से दोपहर 1 बजे तक डिप्टी कलेक्टर आशिमा पटेल, नायब तहसीलदार मैहर अजीत मिश्रा को कार्यपिलक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार वीआईपी तल सीढी चैनल गेट में प्रात: 3 बजे से दोपहर 2 बजे तक नायब तहसीलदार रामनगर अनिल सिंह एवं पटवारी कृष्ण कुमार पाण्डेय, दोपहर 2 बजे से रात्रि पट बंद होने तक अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रामनगर एसपी मिश्रा एवं पटवारी बृजेश प्रताप सिंह को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। रिजर्व के रूप में नायब तहसीलदार साधना सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मैहर अशोक तिवारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अमरपाटन देवमणि मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास राजेन्द्र बांगरे तथा पशु चिकित्सा विभाग के डॉ. प्रदीप कुमार द्विवेदी को शामिल किया गया है। कलेक्टर मैहर रानी बाटड द्वारा जारी आदेशानुसार नायब तहसीलदार मैहर प्रवीण त्रिपाठी मो. 9329300121 प्रात: से दोपहर 2 बजे तक एवं नायब तहसीलदार एसबी सिंह दोपहर 2 बजे से पट बंद होने तक अपने कार्य के साथ-साथ मंदिर के प्रोटोकॉल संबंधी कार्य भी करेंगे। मैहर मंदिर की सम्पूर्ण व्यवस्था के प्रभारी अनुविभागीय दण्डाधिकारी एवं प्रशासक मैहर रहेंगे।

# पीड़ितों की सेवा कर मानवता की मिसाल कायम कर रहा रॉयल राजपूत संगठन

नवभारत न्यूज

**कोठी 22 सितंबर, जिले का रॉयल राजपूत संगठन पीड़ित की सेवा कर मानवता की मिसाल कायम कर रहा है। संगठन के पदाधिकारी आगे आकर दीन दुखियों का सहारा बन रहे हैं पिछले कई वर्षों से उनकी सक्रियता से क्षेत्र में लोकप्रियता दिनों दिन बढ़ती ही जा रही है चाहे वह सामाजिक सरोकार के लिए हो चाहे पीड़ितों की मदद हो उनके पदाधिकारियों द्वारा किए गए कार्य लोगों को भी प्रेरणा दे रहे हैं।**

पिछले दिनों कोठी थाना अंतर्गत मनिकवार गांव निवासी अभिलाष सिंह की आकस्मिक मृत्यु हो गई थी जिनके दो छोटे



बच्चे भी थे और वह घर के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे पूरा परिवार उनसे आश्रित था उनके ना रह जाने से परिवार में काफी संकट आ गया है जिस पर राजपूत संगठन सतना के पदाधिकारी गण स्वर्गीय अभिलाष सिंह के घर मनिकवार पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित कर 66100 रुपए की नगद सहयोग राशि परिजनों को समर्पित की गई। इसके साथ शुभांजना बैंक की ओर से 11000 की राशि भी प्रदान की गई,विनोद मेडिकल एजेंसी सतना की ओर से पीड़ित परिजनों को प्रत्येक माह 1500 रुपए की सहयोग राशि देने एवं रंजना पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल इंग्लिश मीडियम कोठी की डायरेक्टर रंजना सिंह ने स्वर्गीय अभिलाष सिंह के दोनों बच्चों को बारहवीं तक की शिक्षा नि:शुल्क देने की जिम्मेदारी ली है। इस दौरान रंजना पब्लिक हायर सेकेण्डरी इंग्लिश मीडियम स्कूल कोठी) की डायरेक्टर रंजना सिंह, शुभांजना बैंक के प्रतिनिधि, वरिष्ठ समाजसेवी राजेन्द्र सिंह मनिकवार एवं रॉयल राजपूत संगठन सतना के जिला अध्यक्ष नीरज सिंह ,सुरेश सिंह जाखी, भूपेंद्र सिंह मौहार, सतेंद्र सिंह कचनार, अभय प्रताप सिंह बरदाढीह,अनिल सिंह बघेल शुक्ला बरदाढीह,राजू सिंह जी हाटी, शिवेंद्र सिंह हाटी, विज्ञान सिंह डेहुंटा,नीलेंद्र सिंह मौहार,पी डी सिंह परिहार, शैलेन्द्र सिंह मौहार, जीतेंद्र सिंह मनिकवार, दिवाकर सिंह मनिकवार, प्रभाकर सिंह मनिकवार,तपसी सिंह टीकर,अरुणेश सिंह कुबरी, धीरेन्द्र सिंह अकौना सहित अन्य पदाधिकारी उनके घर पहुंच कर श्रद्धांजलि दी व परिवार जनों को सदैव मदद का भरोसा दिलाया।